हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026

04 कार दीवार से टकराई, एक की मौत, दो लोग हुए...


07 नवांकुर संस्था गरेठा ने बच्चों को प्रमाण पत्र व पौधे भेंट...




## खबर संक्षेप

### माधवगंज चौराहे पर आज होगा आम बजट का सार्वजनिक श्रवण

**विदिशा।** देश का 80वां आम बजट आज सुबह 10:30 बजे संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने बताया कि आम बजट के सार्वजनिक श्रवण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माधवगंज चौराहे पर कांच मंदिर के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गा नगर मंडल, विदिशा सुरेन्द्र सिंह चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सादर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### सांदीपनि विद्यालय में कॅरियर मेला आयोजित

**विदिशा।** सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित कॅरियर मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे एवं जीएस चौहान विशेष अतिथि रहे। प्रथम सत्र में एडिशनल एसपी श्री चौबे ने विद्यार्थियों को यूपीएससी, आईएएस, आईपीएस एवं पुलिस विभाग में करियर की विस्तृत जानकारी दी। चौहान ने सरल शब्दों में रोजगार के विभिन्न अवसरों पर मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में कारपेंटर एवं इलेक्ट्रीशियन ने तकनीकी व्यवसायों व स्वरोजगार की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यालय प्रबंधन ने मेले को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### विधायक ने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया

**विदिशा।** जनपद पंचायत नटेरन की ग्राम पंचायत जोहद में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने किया। पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक मीणा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए नवीन लाइब्रेरी, श्यामलाल के घर से श्मशान घाट तक सड़क तथा बच्चों के खेल मैदान को स्वीकृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन शैलेंद्र रघुवंशी ने किया तथा आभार सरपंच चन्नीलाल पंथी ने माना।

### गौशालाओं में चारा प्रबंधन के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी शासकीय गौशालाओं की समीक्षा करते हुए चारा प्रबंधन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गौवंश को हर समय पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए हरा व सूखा चारा, चारा भंडारण, स्थानीय उत्पादन और आपातकालीन वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। समीक्षा में चारा भंडार, पशु संख्या व स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण, स्वच्छता, पोषण और विभागीय समन्वय पर भी विशेष जोर दिया।

### 41 वर्षों की सेवा पूर्ण कर शर्मा सेवानिवृत्त

**विदिशा।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुरारिया हवेली के सहायक शिक्षक महेन्द्र शर्मा 41 वर्षों से अधिक की सराहनीय शासकीय सेवा के बाद 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने वर्ष 1984 में ग्यारसपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक विद्यालय हाटखेड़ा से सेवा प्रारंभ की थी। गौ-सेवा, सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। सेवानिवृत्ति अवसर पर विद्यालय में भव्य विदाई समारोह आयोजित हुआ, जिसमें पुष्पमालाओं, शाल-श्रीफल, मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने रोडरोलर के नीचे कुचल डाली मॉडिफाइड साइलेंसर की आवाज

## 80 डेसिबल से अधिक आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों पर सख्ती, डेढ़ लाख की सामग्री रोड रोलर से नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने नीमताल चौराहे पर कार्रवाई करते हुए 55 मॉडिफाइड साइलेंसरों को रोड रोलर से कुचलकर नष्ट कर दिया।

यह कार्रवाई एसपी रोहित केशवानी के निर्देश पर की गई, ताकि अवैध साइलेंसरों का दोबारा उपयोग न हो सके। नष्ट किए गए साइलेंसरों की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। यातायात थाना प्रभारी आशीष राय ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दो प्रकार के मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। केवल मॉडिफिकेशन वाले साइलेंसर पर 1 हजार रुपए तथा अत्यधिक तेज आवाज करने वाले साइलेंसर पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ये साइलेंसर बाजार में 3 हजार से 5 हजार रुपए तक में बिकते हैं और सबसे अधिक बुलेट मोटरसाइकिलों में पाए गए हैं।



### दिसंबर में 100 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसर को जब्त कर नष्ट कराया था

सीएसपी अतुल सिंह ने कहा कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, ये साइलेंसर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत निर्धारित 80 डेसिबल की सीमा से कहीं अधिक शोर उत्पन्न कर रहे थे, जिससे रिहायशी इलाकों में ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2024 में भी पुलिस ने 100 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर उन्हें नष्ट किया था। रात के समय शहर के युवा बुलेट बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाजार में और ओवर ब्रिज पर पटाखों जैसे आवाज इन साइलेंसर से निकालते हैं इन पर सख्ती बेहद जरुरी है।

### 4 टीमों ने की कार्रवाई, सोना-चांदी, 10 लाख नगद, वाहन व हथियार जब्त

# 1 करोड़ की डकैती का खुलासा, रायखेड़ी कांड में 4 आरोपी व नाबालिग गिरफ्तार

**झगड़े की सूचना पर मौके पर जा रही थी पुलिस, आरोपियों ने सोचा हमारे पीछे आ रही है, घबराकर माल सहित गिरे थे।**



विदिशा। पत्रकार वार्ता आयोजित कर पुलिस ने किया डकैती का खुलासा।



विदिशा। आरोपियों से भारी मात्रा में सोना चांदी और नगदी जब्त की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

त्योदा पुलिस ने रायखेड़ी में हुई डकैती का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 44 तोला सोना, 1 किलो 300 ग्राम चांदी, 10 लाख नकद, 5 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल तथा देशी कट्टा व तलवार सहित कुल करीब 1 करोड़ का माल बरामद किया है।

पुलिस द्वारा आगे की विवेचना जारी है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। ग्राम रायखेड़ी में हुई सनसनीखेज डकैती की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों एवं 1 नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 1 करोड़ रुपए कीमत का माल बरामद किया है। 23-24 जनवरी की रात को फरियादी बृजबिहारी पिता स्व. आशाराम कुर्मी (55 वर्ष), निवासी ग्राम रायखेड़ी थाना त्योदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में घुसकर उन्हें एवं परिवारजनों को बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी लूट ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना त्योदा में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान 24 जनवरी की दरम्यानी रात थाना राहतगढ़ क्षेत्र डायल-112 वाहन को देखकर एक आरोपी घबरा गया और भागते समय लूट का माल सड़क पर गिरा दिया।

डायल-112 में तैनात पुलिस बल की तत्परता से एक आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई एसडीओपी राहतगढ़ योगेंद्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने थाना त्योदा, राहतगढ़, सागर, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ द्वारा वैज्ञानिक परीक्षण, 150 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हे ग्राम रायखेडी, बहादुरपुर थाना राहतगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू उर्फ धनसिंह पटेल (21), बिहारीलाल कुशवाह (33), जयदीप अहिरवार (27), संदीप अहिरवार (26) एवं एक नाबालिग शामिल है।

### हाईवे 146 पर भीषण सड़क हादसा

# अज्ञात भारी वाहन ने पिकअप को मारी टक्कर, एक की मौत

**सागर से भोपाल सब्जी मंडी सब्जी लेने जा रहा था गोलू। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ हादसा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-146 पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

जेएमजे स्कूल के सामने रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच अज्ञात भारी वाहन ने एक पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान गोलू यादव (31 वर्ष) पिता मुन्नालाल यादव, निवासी सागर के रूप में हुई है। मृतक के छोटे भाई दीपक यादव ने बताया कि गोलू यादव सब्जी का व्यवसाय करता था और सागर से भोपाल सब्जी मंडी सब्जी लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान ग्यारसपुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार दो अन्य लोगों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया, वहीं गंभीर रूप से घायल गोलू यादव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सूचना मिलते ही ग्यारसपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# जिले की 154 पैक्स समितियां कम्प्यूटरीकृत हुईं, किसानों को पारदर्शी व तेज सेवाएं मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारत सरकार की सहकार से समृद्धि पहल के अंतर्गत संचालित पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, विदिशा से संबद्ध जिले की सभी 154 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत कर दी गई हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से जिले के हजारों किसानों को सीधा और व्यापक लाभ मिलने लगा है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समितियों के कम्प्यूटरीकरण से किसानों के लेन-देन में पारदर्शिता स्पष्ट रूप से बढ़ी है। अब समितियों से जुड़ी सभी वित्तीय गतिविधियाँ बैंकिंग प्रणाली के अनुरूप ऑनलाइन दर्ज हो रही हैं, जिससे किसानों का विश्वास सहकारी संस्थाओं एवं बैंक के प्रति और सुदृढ़ हुआ है। साथ ही समितियों के कार्यों में सरलता और गति आई है, जिससे समय की भी बचत हो रही है। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक अंशुल गुप्ता के द्वारा उक्त कार्यो की सतत मानीटरिंग व मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

ई-पैक्स व्यवस्था लागू होने के बाद अब ऋण वितरण, वसूली, लेखांकन और अन्य समस्त लेन-देन ऑनलाइन होने लगे हैं। प्राथमिक समितियों से जुड़े किसानों को रबी एवं खरीफ सीजन में फसली ऋण, खाद वितरण, फसल बीमा तथा अन्य सेवाएं नियमित रूप से प्रदान की जाती हैं।

# ओलावृष्टि से तबाह फसलों की हकीकत जानने पहुंचे कांग्रेस नेता, प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता की मांग

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले:** 80 से 100% तक फसल नष्ट, गांव को इकाई मानकर मिले मुआवजा व बीमा क्लेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जिले में हाल ही में हुई अचानक ओलावृष्टि से प्रभावित विदिशा विधानसभा के ग्राम हरुखेड़ी एवं लश्करपुर का जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव आनंद प्रताप सिंह ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति देखी और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर नुकसान की जमीनी जानकारी प्राप्त की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि भीषण ओलावृष्टि के कारण किसानों की चना एवं गेहूं की फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। कई गांवों में 80 से 100 % तक फसल खराब हुई है, जिससे किसान बेहद पीड़ित और चिंतित हैं। किसानों ने बताया कि 50 दिनों से अधिक उम्र की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है, इसलिए गांव को एक इकाई (हल्का) मानकर 100 प्रतिशत मुआवजा एवं फसल बीमा क्लेम राशि जारी की जानी चाहिए। रघुवंशी ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित किसानों का तत्काल राजस्व अमले से सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किया जाए तथा फसल बीमा की राशि शीघ्र दिलवाई जाए। साथ ही ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को इस वर्ष केसीसी भरने की बाध्यता से राहत दी जाए, ताकि ओवरड्यू के कारण उन्हें खाद-बीज से वंचित न होना पड़े। उन्होंने प्रभावित किसानों के बिजली बिल माफ करने एवं मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री से विशेष पैकेज जारी करने की भी मांग की। रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि राहत कार्यों में लापरवाही बरती गई तो कांग्रेस किसानों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

### कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में नटेरन जनपद सभागार में बाल एवं महिला हितैषी ग्राम पंचायत निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना था। नटेरन विकासखंड की चयनित 22 ग्राम पंचायतों से 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 5 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में सहभागी बने। सत्रों के दौरान बाल एवं महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रही राज्य सरकार

# कृषि विभाग की बाइक रैली में शामिल हुए सैकड़ों किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को विदिशा में कृषि विभाग ने एक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती से जोड़ना और कृषि को लाभ का धंधा बनाना है।




यह बाइक रैली ऑडिटोरियम परिसर से शुरू हुई, जिसे विधायक मुकेश टंडन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उन्नत बीज, उर्वरक, सिंचाई सुविधाओं और आधुनिक कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी देने का संदेश दिया गया। विधायक मुकेश टंडन ने इस अवसर पर कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी शुरुआत भोपाल में ट्रैक्टर रैली और किसान सम्मेलनों से हुई थी। टंडन ने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को खेती की लागत से दोगुना लाभ मिले और कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किसानों को खाद, बीज, उर्वरक, सिंचाई और कृषि यंत्रों से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिलने की बात भी कही। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि विभाग जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहा है। 'किसान कल्याण वर्ष' के तहत जिलेभर में जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम और किसान सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# जिले में कई मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिलेभर में मेडिकल स्टोरों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। औषधि निरीक्षक विदिशा द्वारा कई मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें दवाओं के भंडारण, लाइसेंस शर्तों एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों में गंभीर कमियां पाई गईं।

निरीक्षण के बाद संबंधित दवा विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की गई। शुभ मेडिकल सिरोंज, महाकाल मेडिकल एजेंसी, सिरोंज, ओमकार मेडिकल, महलुआ चौराह, राम मेडिकल स्टोर, महलुआ चौराह, यादव मेडिकल स्टोर सिरोंज चौराह, कुणाल मेडिकल बासौदा तथा अली मेडिकल स्टोर लटेरी के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 7 दिवस के लिए निलंबित की गई है।

गंभीर अनियमितताओं के चलते शुभ मेडिकल महलुआ चौराह, मयंक मेडिकल स्टोर अंबानगर बासौदा वर्षाना मेडिकल स्टोर सिरोंज तथा आयुष मेडिकल एजेंसी सिरोंज के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि दवाओं की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6280
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7250
चना
न्यूनतम भाव-3060
उच्चतम भाव-5546
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6250
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-6980
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1581
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3711
धान
न्यूनतम भाव-1480
उच्चतम भाव-3945
तिल्ली
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
उड़द
न्यूनतम भाव-6860
उच्चतम भाव-7260
गेहूं
न्यूनतम भाव -2288
उच्चतम भाव- 3071
अलसी
न्यूनतम भाव-6850
उच्चतम भाव-6850
बटरी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-3910

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 17227 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सीएनजी रिफलिंग शुरू

**गंजबासौदा।** अंबानगर पेट्रोल पंप पर सीएनजी की रिफलिंग शनिवार से शुरू हो गई है। अंबानगर स्थित माथुर पेट्रोल पंप पर शनिवार से सीएनजी पंप चालू हो जाने से अब सीएनजी आधारित वाहन चालकों को काफी सुविधा होगी। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में सीएनजी आधारित कई वाहन हैं।

### गत वर्ष 22 दिसंबर को हुई थी परीक्षा, 22 जनवरी को आया परिणाम

# गंज बासौदा के प्रांजल जैन ने AIIMS CRE-4 में देश में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के वार्ड नंबर 24 सावरकर चौक निवासी सुनील कुमार सीमा जैन के पुत्र प्रांजल जैन ने AIIMS नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा AIIMS CRE-4 (2025) में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर अपने परिवार, नगर एवं जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा 22 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी तथा इसका परिणाम 22 जनवरी 2026 की रात लगभग 11 बजे घोषित किया गया। प्रांजल जैन के पिता पूर्व व्यवसायी हैं, माता गृहिणी हैं तथा उनके भैया व्यवसायी हैं, जो GB111, ATS-111, Sam Enterprises तथा Mobile Wholesale जैसे विभिन्न व्यवसायों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 10 तक डॉल्फिन स्कूल से तथा कक्षा 12 की शिक्षा भारत माता कॉन्वेंट स्कूल से पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज, रायपुर से श्रवण एवं वाणी रोग विज्ञान (B.ASLP) में स्नातक डिग्री प्राप्त की। स्नातक के बाद प्रांजल जैन ने भारतीय सेना के मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर में श्रवण एवं वाणी रोग विशेषज्ञ (Audiologist एवं Speech Language Pathologist) के रूप में लगभग 7 माह तक कंसल्टेंट के रूप में सेवाएं दीं।

वर्तमान में वे ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग (AIISH), मैसूरु से वाणी एवं भाषा रोग विज्ञान (M.SLP) में स्नातकोत्तर अध्ययन कर रहे हैं तथा वर्तमान में अपने अंतिम वर्ष में हैं। इससे पूर्व उन्होंने AIISH प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक AIR-4 प्राप्त की थी। प्रांजल जैन ने शिक्षा के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने संचार विकारों (Communication Disorders) से संबंधित अपने शोध कार्य को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया है तथा उनके शोध पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं।

उन्होंने कई Certifications भी प्राप्त किए हैं, जिनमें BLS (राजीव गांधी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु) तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर NLA, GLP एवं OPT – Level 1 (USA) शामिल हैं।

इससे पूर्व AIISH प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 4 प्राप्त करने के बाद अब AIIMS CRE-4 (2025) में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त करना उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रांजल जैन ने कहा कि समाज में श्रवण एवं वाणी विकारों के उपचार की सुविधाओं की भारी कमी है। उनका उद्देश्य एक कुशल श्रवण एवं वाणी रोग विशेषज्ञ (Audiologist एवं Speech Language Pathologist) तथा शोधकर्ता के रूप में समाज की सेवा करना है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त करने के बाद वे AIIMS भोपाल में कार्यभार ग्रहण कर जनता की सेवा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रांजल जैन ने अपनी इस सफलता का श्रेय बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की कृपा, अपने माता-पिता, अपने भैया, गुरुजनों एवं अपने प्रिय मित्रों को दिया है, जिनके निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाओं के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं।

## कार दीवार से टकराई, एक की मौत, दो लोग हुए गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात ग्राम घटेरा के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे दीवाल से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने उपचार के लिए त्योंदा अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहासा निवासी रामविकास मीणा, उनके साथी राकेश मीणा और मोहन मीणा कार से अपने गांव वापस लौट रहे थे। तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे दीवार से टकरा गई। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार रामविकास मीणा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथी राकेश और मोहन मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च स्तरीय उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया।

## संगठनात्मक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत 22 दिन से लगातार चल रही किसान जन आंदोलन यात्रा का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन विदिशा में 4 फरवरी बुधवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की उपस्थिति में होना है। जिसकी तैयारी के लिए एक अति महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शनिवार को दोपहर 1 बजे कांग्रेस भवन गंजबासौदा में सम्पन्न हुई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक निशंक जैन, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी, प्रदेश सचिव विकास शर्मा ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, जगदीश व्यास, किसान कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष तोरण रघुवंशी, किसान कांग्रेस विधानसभा सह प्रभारी सौरभ ,मणि बीडी शर्मा ,राहुल ठाकुर, विद्या यादव,मंजू कुशवाह, जोएब हसन, अंसार मंसूरी, रवि यादव ,ब्रजेश लोधी, सुजीत सराठे, गुड्डू लोधी, विनोद जैन, रामबाबू अहीरवार, अभिषेक गुर्जर, मिथुन पालीवाल, राजीव दांगी, राजकुमार दांगी, हर्ष शर्मा एवं स्मस्त किसान कांग्रेस सभी यात्रा प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## आज विदिशा के शहनाई गार्डन में जुटेंगे जिलेभर के समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रघुवंशी समाज की एकता, संवाद और भावी पीढ़ी के सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आज रविवार 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में समाज के जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित अन्य पदों पर प्रतिष्ठित, समाज को मार्गदर्शन देने वाले वरिष्ठ जन भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सम्मेलन को लेकर बीते दिनों समाज द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चला चला कर जिले भर में समाजजन को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। घर-घर व्यक्तिगत संपर्क, गांव-गांव संवाद और सोशल मीडिया के माध्यम से समाजजनों को सम्मेलन से जोड़ने का प्रयास किया गया। विदिशा रघुवंशी समाज के आव्हान पर आयोजित इस सम्मेलन में जिलेभर से लगभग एक हजार समंजन सम्मेलन में शामिल रहेंगे। यह आयोजन केवल वैवाहिक परिचय या करियर मार्गदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और आपसी विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। जनसंपर्क के दौरान कई परिवारों ने मौके पर ही पंजीकरण कराया और अन्य समाजबंधुओं को भी जोड़ने का भरोसा जताया। समाजजनों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से संवाद बढ़ता है और समाज और अधिक संगठित होता है। आयोजन समिति ने जिले भर के रघुवंशी समाज के बंधुओं से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

## कॅरियर मार्गदर्शन का पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित, विशेषज्ञों ने दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन में प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य और करियर चुनाव में मदद करने के उद्देश्य से एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस वेबिनार के माध्यम से बच्चों को स्मार्ट टीवी पर कार्यक्रम को दिखाया। द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में गिरजेश मिश्रा पुलिस विभाग PHQ भोपाल और जगदीप रघुवंशी राजभाषा अधिकारी पुणे महाराष्ट्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को अपनी प्राथमिकताओं को समझने और लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में कोई भी विद्यार्थी कमजोर नहीं होता, बस सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। वहीं जगदीप रघुवंशी ने अनुशासन और कठिन परिश्रम के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे सुबह 4 बजे उठने का अनुशासन और एनएसएस/एनसीसी जैसे कैंप विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं। तृतीय दिवस आईटीआई प्रशिक्षण अधीक्षक सीताराम विश्वकर्मा एवं प्रशिक्षण अधिकारी गजेंद्र रघुवंशी, मोहित राजपूत ,देवेंद्र सोनी ने बच्चों को आईटीआई में कैरियर क्षेत्र को विस्तार से समझाया। विशेषकर स्टेनोग्राफर ट्रेड की महत्ता को समझाया। चतुर्थ दिवस कृषि महाविद्यालय से प्रोफेसर गजानन मालवीय ने बच्चों को PAT के माध्यम से प्रवेश लेने एवं भविष्य में कृषि क्षेत्र में करियर को समझाया एवं अभी हाल ही में AIIMS (CRE) परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में AIR - I प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता प्रांजल जैन ने बच्चों को बायोलॉजी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को समझाया। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतिम दिवस सुनील गुर्जर पटवारी, जयदेव ठाकुर Income Tax SSC, पंकज तिवारी संगीत शिक्षक ने पटवारी भर्ती एवं एसएससी के माध्यम से निकलने वाली भर्तियों एवं संगीत के क्षेत्र में कैरियर क्षेत्र की संभावनाओं को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक दिनेश ओझा ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं अन्य शिक्षक समीक्षा जैन, भारती पंथी, भावना अग्रवाल, आकांक्षा रिछारिया, कु. ईशा रानी कुजूर , विनीता भदोरिया, कीर्ति उपाध्याय, कविता द्विवेदी, प्रीति चतुर्वेदी, अश्विनी मिश्रा, नीलेश अहिरवार , आलोक नायक, पंकज दुबे और बृजेश सूत्रकार उपस्थित रहे। अंत में प्रभारी लखमीचन्द साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई: जिले में कई मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित और निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले भर में मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच अभियान के रूप में जारी है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक, विदिशा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कई दवा विक्रेताओं के यहां आवश्यक अभिलेखों, भंडारण व्यवस्था एवं अन्य नियमानुसार प्रावधानों में कमियां पाई गईं। संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, किन्तु प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर औषधि नियमावली 1945 के तहत कार्रवाई की गई। जारी आदेशानुसार निम्न मेडिकल स्टोरों की औषधि अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से 7 दिवस के लिए निलंबित की गई हैं उनमें यादव मेडिकल स्टोर सिरोंज चौराहा बासौदा, कुणाल मेडिकल बासौदा शामिल हैं। जिनकी अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है, उनमें मयंक मेडिकल स्टोर, अंबानगर बासौदा, श्री वर्षाना मेडिकल स्टोर, सिरोंज, आयुष मेडिकल एजेंसी, सिरोंज शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दवा विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठानों को निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। मरीजों की सुरक्षा, दवाओं की गुणवत्ता तथा वैधानिक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भंडारे का आयोजन हुआ

**गंज बासौदा।** नगर के वेदनखेड़ी स्थित प्राचीन श्री जगदीश स्वामी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य किया गया। इस अवसर पर श्री जगदीश मण्डल, वेदनखेड़ी द्वारा गम्मत कीर्तन कार्यक्रम शनिवार को रखा गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आयोजित हुआ। जिसके पश्चात भण्डारा आयोजित किया गया। जिसमें नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।



### विशेष वार्षिक शिविर का हो रहा आयोजन

**गंज बासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में विशेष वार्षिक शिविर दिनांक 30 जनवरी से 5 फ़रवरी तक गोद ग्राम गंज में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा शिविर आयोजन की शुभकामनाएं दी तथा सभी को अनुशासन व एकता के साथ गतिविधियां करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय से गंज विद्यालय तक रैली को निकाली गई। जिसमें शिविर का प्रथम दिवस स्वच्छता पर आधारित रहा जिसमें शिविर स्थल की साफ सफाई की गई रंगोली बनाई गई व शिविर के लिए उपयुक्त वातावरण शिविरार्थियों द्वारा तैयार किया गया। शिविर के पहले दिन बौद्धिक सत्र में ग्राम गंज की सरपंच माया सतीश दुबे, सचिव नोनीत राम कुर्मी, रोजगार सचिव शरद गौड को आमंत्रित किया गया। सरपंच ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष विवेकानंद और माँ सरस्वती के चरणों में वंदन द्वारा बौद्धिक सत्र को प्रारंभ किया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गईं। सरपंच ने सभी स्वयं सेवकों को अपने देश और परिवार का नाम रोशन करने और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य समाज सेवा ,अनुशासन ,देशभक्ति की प्रेरणा दी। शिविर का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा किया गया है। शिविर के प्रथम दिवस के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ . अनामिका प्रजापति, निखिल शर्मा, अनुराग जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्रा स्नेहा चौकसे द्वारा किया गया। अतिथियो का आभार शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

### सेंट एसआरएस स्कूल में मैरिट होल्डरों को चेक वितरित किए

## शिक्षा को धर्म से जोड़ लें तो बदल जाता है जीवन : हरिहरदास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यदि शिक्षा को धर्म से जोड़ लें तो जीवन बदल जाता है, क्योंकि धर्म के माध्यम से ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। यदि शिक्षा कम रह जाए तो कोई बात नहीं,लेकिन संस्कार, नैतिक गुण और धर्म-कर्म से व्यक्ति को उच्च स्थान प्राप्त हो सकता है। यह बात वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी ने सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर संस्था के उन छात्रों को नकद राशि के चेक वितरित किए, जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की राज्य एवं जिला प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया था।

इस दौरान संस्था की तान्या शर्मा को प्रदेश की हाई स्कूल मैरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार, कक्षा बारहवीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिफा खानम एवं सुरभि रघुवंशी को उनके परिजनों की उपस्थति में 25-25 हजार के चेक प्रदान किए गए। इसी तरह हाई स्कूल जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान बनाने पर भूमि सेन को 21 हजार एवं निहारिका तिवारी को जिला स्तरीय हायर सैकेण्डरी प्रावीण्य सूची में तीसरे स्थान के लिए 21 हजार का चेक प्रदान किया गया। वहीं अरुण अहिरवार को तृतीय स्थान बनाने पर 11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। प्रतिभाओं को चेक वितरण करते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि आज के युग में शिक्षा प्राप्त कर बेटियां भी आसमान छू रही हैं। जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, बेटियों ने अपनी प्रतिभा साबित की है। छह मैरिट होल्डर प्रतिभागियों में पांच बेटियां शामिल हैं। उन्होंने संस्था की शैक्षिक एवं अन्य गतिविधि उन्नति की प्रशंसा की। समाजसेवी कांति भाई शाह ने कहा कि धर्म से पहले राष्ट्र है। संस्था गुणग्राही बनकर मैरिट होल्डरों को नकद राशि प्रदान कर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण का काम कर रही है। नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना ने शेरों-शायरी के माध्यम से भावनाओं को प्रकट किया।

संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने संस्कारों का महत्व समझाया। संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संगीत शिक्षक शंभु गिरी गोस्वामी के निर्देशन में संगीत टीम ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ भजनों की प्रस्तुति दी।

अतिथियों द्वारा संस्था के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत स्वर्गीय बीएल यादव एवं गत दिनों दिवंगत हुई संस्था की होनहार छात्रा स्व. सोनम कुर्मी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि मणिभाई , अवध नारायण श्रीवास्तव, शिव कुमार अवस्थी मौजूद रहे। वेदांत आश्रम के संस्कृतविज्ञ वटुकों को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। संचालन दिनकर कद्रे ने किया।

## गजरथ महोत्सव को लेकर पुरानी मंडी में सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर में प्रस्तावित गजरथ महोत्सव के आयोजन के लिए पुरानी मंडी प्रांगण को अंतिम रूप से चयनित किया गया है। शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने पार्षद सतीश कटारे एवं जगदीश व्यास के साथ पुरानी मंडी प्रांगण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल की स्थिति का जायजा लिया औरमौके पर ही नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारियों को तत्काल सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जैन समाज द्वारा त्योंदा रोड स्थित शांतिनाथ जिनालय में चौबीसी का निर्माण कराया गया है, इसमें भगवान की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर गजरथ महोत्सव का आयोजन 24 फरवरी से 2 मार्च तक किया जा रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन की तैयारियों के तहत करीब 20 हजार 500 वर्ग फीट क्षेत्र में टेंट लगाया जाएगा। इसके साथ ही भोजनशाला, धर्मसभा, आवास एवं अन्य आवश्यक पंडा लों का निर्माण भी किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएंगी। वर्तमान में पुरानी मंडी प्रांगण में थोक सब्जी बाजार संचालित हो रहा है, जिसके कारण यहां चारों ओर गंदगी फैली हुई है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने साफ कहा कि जिनालय के समीप होने के कारण धार्मिक आयोजन की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है, इसलिए सफाई और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य शाखा को नियमित सफाई, कचरा हटाने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर में इतने बड़े आयोजन के लिए दूसरा कोई उपयुक्त सरकारी मैदान उपलब्ध नहीं होने के कारण पुरानी मंडी प्रांगण को ही चुना गया है। जहां साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### वाहन चालकों के बनाए चालान, नियम तोड़ने वालों पर 11200 जुर्माना




**गंजबासौदा।** शनिवार को यातायात पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया और ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टी भी लगाई। इस दौरान करीब 38 वाहन चालकों पर कोई दस्तावेज न होने, नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई और उनसे करीब 11 हजार 200 रूपए की जुर्माना राशि वसूल करते हुए उन्हें नियमानुसार और सभी दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

## शामावि गरेंठा मे कॅरियर मेला एवं विदाई समारोह का आयोजन

# नवांकुर संस्था गरेंठा ने बच्चों को प्रमाण पत्र व पौधे भेंट करके किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ग्राम गरेंठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करियर मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करियर मेले में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से नन्द किशोर कुर्मी,रितेश सेनी,जीवन मीणा आदि ने बच्चों को करियर काउंसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि किस प्रकार से हमें आगे बढ़ाना है किस प्रकार से अपना कैरियर बनाना है। वही नन्द किशोर कुर्मी ने टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी बताते हुए कहा कि आज दुनिया कहां से कहां पहुंच गई और टेक्नोलॉजी का जमाना है जिसमें हर काम में टेक्नोलॉजी एवं नए-नए तरीके विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। वही रितेश सैनी ने बच्चों के भविष्य में किस प्रकार से अपने करियर को आगे बढ़ना चाहिए इसके बारे में अनेकों जानकारी दी।

इसी के साथ जीवन मीणा द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ टेक्नोलॉजी और अच्छी शिक्षा को चुना यह भी बहुत महत्व रखता है हमें मोबाइल एवं अन्य चीजों पर ध्यान न देते हुए पढ़ाई के समय केवल पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम द्वारा बताया कि आज बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम था। जिसमें बच्चों के करियर को ध्यान में रखते हुए करियर मेला का आयोजन किया गया। इसका आशय जब बच्चे यहां से पढ़कर आगे जाएंगे और आगे की पढ़ाई में अध्यनरत रहेंगे तो उनको पढ़ाई के साथ अपना करियर किस प्रकार से बनाना है कैसे समय के साथ आगे चलना है इसलिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वहीं उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य स्कूल के बच्चों को आगे तक ले जाना है उनके भविष्य के लिए चिंतन करना उनका मार्गदर्शन करना यह मेरा प्रथम कार्य है मैं समय-समय पर इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम का आयोजन करके बच्चों के मनोबल और उनके कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं।





### बच्चों को पुरस्कार स्वरूप भेंट किए पौधे

इस बीच मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में चयनित नवांकुर संस्था जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा द्वारा पूर्व में आयोजित महिला हिंसा एवं उस पर रोकथाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम चुनमुन धाकड़,द्वितीय स्थान संजना धाकड़,तृतीय स्थान संगीता कुर्मी प्राप्त करने वाली छात्रों को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं पुरस्कार स्वरूप उन्हें पौधा भेंट किए गए। साथ ही संस्था प्रमुख किशोर पटेल द्वारा उपस्थित बच्चों को बताया कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ अपनी प्रतिभा पर भी ध्यान देना चाहिए जिसे निखारने के लिए हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। क्षेत्र कोई सा भी हो विषय चाहे कोई सा भी हो उसमें हमेशा आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होने उपस्थित बच्चों से इस भाग दौड़ व टेक्नोलॉजी वाले समय में एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए निवेदन किया गया। सभी को अपने जन्मदिन, परिवार के बड़े बुजुर्गों की पुण्यतिथि या किसी भी शुभ कार्य पर एक पेड़ जरूर लगाए। क्योंकि टेक्नोलॉजी,मोबाइल,कंप्यूटर से सब कुछ प्राप्त हो सकता है पर शुद्ध वायु ऑक्सीजन,वातावरण,छाया प्राप्त करने के लिए हमें पेड़ों की जरूरत है। साथ ही स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कूल प्राचार्य श्रीपाल गौतम द्वारा जन अभियान परिषद विकास खंड समन्व चरण सिंह दांगी,संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति से रामचरण कुर्मी,संस्था गरेंठा से किशोर कुर्मी,अंकेश पटेल,ब्रजेश कुर्मी द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार मे पौधा प्रदान किए गए।

### बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए किए जाते हैं कार्य

विद्यालय के हर बच्चें के चहीते शासकीय माध्यमिक विद्यालय गरेंठा में पदस्थ शिक्षक जुगिया राम भगत द्वारा हमेशा ही बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए कार्य किया जाता है वह हर वर्ष जो बच्चें कक्षा में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान करते है। वह उन बच्चो का स्वंय पुरूस्कार देकर सम्मान करते है। इस मौके पर कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीपाल गौतम, दीपा राजपूत, यशपाल सिंह राजपूत, अर्जुन सिंह आरोलिया,शिवम कुर्मी,दीप्ति श्रीवास्तव,जोगिया राम भगत, ओम प्रकाश शर्मा,महेश शर्मा,पूनम दांगी, प्रद्युमन चौहान, अंकित शर्मा, सत्यवीर, जहीर खान, मौसम राजा, राबिया खान,पूजा श्रीवास्तव, राधेश्याम साहू, बनवारी लाल, तुलसीराम कुर्मी, जय किशन, मनीष भार्गव, दिनेश कोहली, मोहन गौर,बृजेश पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अनुभूतिः बच्चों को विभिन्न पौधों व औषधीय प्रजातियों से कराया परिचित

**सिरोंज।** वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र बीट पाटन स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं जिला वन समिति की अध्यक्ष श्रीमति मंजू नीलम यादव उपस्थित रहीं। वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय सिरोंज, संदीपनि विद्यालय सिरोंज एवं शासकीय विद्यालय टोरी बागरोद के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स खरे व श्रीवास्तव सेवानिवृत्त एसडीओ ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। ट्रेकिंग के दौरान बच्चों को विभिन्न पौधों व औषधीय प्रजातियों से परिचित कराया गया। वहीं सर्प मित्रों ने सर्पदंश से बचाव व उपचार की जानकारी दी।



## सीएमओ ने टाइप कीपर को फटकार लगाई

# निर्माण कार्य में की जा रही भ्रष्टाचारी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सीएमओ ने रोका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर पालिका परिषद शहर के विकास कार्यो में तेजी से जुटी हुई है। विगत एक माह से शहर में हर घर शुद्ध पानी पहुचें इसके लिए नपा द्वारा पूरे शहर में पानी की पाइप लाइन बिचाई जा रही है। इसी के साथ नगर के मण्डी बायपास रोड सहित अन्य स्थानो पर नालो का निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू शहर में चल रहे समस्त निर्माण कार्यो की देखरेख कर रहें है। वही नगर के नया बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मण्डी में ठेकेदार द्वारा दुकानो के निर्माण कार्य में मिट्टी मिलाकर की जा रही भ्रष्टाचारी की जैसे ही नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू को सूचना मिली तो वह तुरंत मौके पर पहुचें और निर्माण कार्य को रूकवाकर दुकानो के पीसा को खुदवाया और दोबारा डालने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि में शाम को दोबारा आकर देखुगां अब यह माल न मिल जाए इसें तुरंत यहा से हटवा ही देना। वही उन्होने टाइम कीपर को फटकार लगाते हुए कहा कि तुम काहे के लिए टाइम कीपर हो क्यो खडें रहते हो जहा जब जनता फोन लगाकर बताएगी तो तुम्हारा क्या मतलब है यहा खडें होने का। साथ ही उन्होने कहा कि यह सब यहा से खोद कर फेको और जब इंजीनियर साहब आ जाए तब काम चालू करना।

### बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार में ब्राह्मण भोज का भव्य आयोजन आज



**सिरोंज।** बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार पिपलिया हाट में परंपरागत माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज ब्राह्मण भोज का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें महा मंडलेश्वर श्री गोपालदास जी एवं संत मंडली मल्हार से पधार रहे हैं। परंपरागत माघ पूर्णिमा महोत्सव प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूर्ण उल्लास और आनंद के साथ बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार में संपन्न होगा।

## 4 वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 एवं 16 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम कटरा मोहल्ला, होली वाला चौक में संपन्न हुआ। विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा 190.03 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिसमें वार्ड नंबर-16 में रिंकू कुशवाह जी के मकान से बालाराम जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-16 में आरोन रोड से रतनलाल जी के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड नंबर-15 में उड़न छतरी से कलंदरी मस्जिद की ओर सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-15 में कायाकल्प योजना अंतर्गत श्री दीपक जाटव जी के मकान से रामजानकी मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत श्री शिवचरण कुशवाह जी के मकान से आरोन रोड तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-14 में हाईस्कूल के सामने चौराहे से होते हुए नूर मियां के मकान तक सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया गया। वहीं 70.92 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन कार्य किए गए, जिनमें वार्ड नंबर-14 में सिकंदरपुरा से जमना चौराहा तक डामरीकरण कार्य, वार्ड नंबर-14 में बाबा जी घाट पर नदी की रिटर्निंग वॉल एवं सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर-15 में श्री नन्ने भाई के घर से श्री अजीज अहमद के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा वार्ड नंबर-13 में रोहिलपुरा श्मशान घाट की बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणि पंथी द्वारा किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार बिदुआ अटल कार्यक्रम सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

■ निवास पर पहुंचकर किया सम्मानित

नगर के वरिष्ठ पत्रकार, आपात काल में क्षेत्र की यात्रा करने वाले, भाजपा के विभिन्न संगठन दायित्वों का निर्वाह करने वाले सुरेश बिदुआ को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में अटल कार्यक्रम में अटल स्मृति समिति के प्रमुख धीरज पटेरिया और उनकी टीम द्वारा निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया।

पिछले 55 वर्षो से पत्रकारिता समाज सेवा, राजनीति में सकृिय सुरेश बिदुआ विधान सभा के संगठन प्रभारी रहे है। न.प. के पार्षद, उपाध्यक्ष के शिक्षा, साहित्य की गतिविधियों, संस्थाओं में सक्रिय बने हुए है। जब अटल जी की बरेली में आमसभा हुई तो उसका संचालन भी किया था। वर्तमान में रायसेन जिला विकास योजना समिति के सदस्य भी है। युवा छात्रजीवन से स्वामी विवेकानंद जी एवं अटल विहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व विचारों से प्रभावित हुआ, आज भी सामाजिक, साहित्यिक सेवा के कार्यो में सकृिय बने हुए है।

निवास पर अटल स्मृति समिति के पटेरिया की टीम ने किया सम्मानित



### अटल कार्यकर्ता सम्मान

भारतीय जनता युवा मार्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, अटल स्मृति समिति के धीरज पटेरिया उनकी टीम एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश तिवारी, मंडल महामंत्री भरत शर्मा द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवानी पटेल, जाधाराम ठाकुर, हरनामसिंह राजपूत, रामनारायण श्रीवास्तव एवं सुरेश बिदुआ, मंशाराम मुकद्दम के निवासों पर पहुंच कर सभी को अटल जी के जन्म शताब्दी पर रजत पत्र और संगठन की सेवाओं के लिए अटल कार्यकर्ता सम्मान से अंलकृत किया गया।

# दिन में तेज धूप, रात में कोहरा, गिर रही ओस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

रात और सुबह कोहरा, दिन में बादलों के साथ तेज धूप और चल रही बर्फीली ठण्डी हवाओं का सामना करना नगर एवं क्षेत्र के निवासियों के लिए कठिन परेशानियों भरा हो रहा है। शीत के प्रकोप से बचने, शरीर को गर्म बनाये रखने पुनः सार्वजनिक स्थानों और घरों में आग तापने अलाव जलना शुरु हो गए है।

गर्मी और शीत का मिला-जुला मौसम लोगों की दिनचर्या बदलने के साथ सेहत के लिए नुकसान दायक हो रहा है। गर्मी सर्दी के असर से एक बार फिर मौसमी बीमारीया पैर पसारने लगी है। सर्दी, जुखाम, बुखार, बदन दर्द के मरीजों की संख्या बढने लगी है। दिन और रात के तापमान में गिरावट आने के साथ, रातें अधिक ठण्डी और सुबह-सुबह ठण्ड की अधिकता का मौसम परेशानियों का कारण बन रहा है।



भले ही आसमान में बादल कम होने से दिन में तेज धूप निकलने के बाद भी बर्फीली ठण्डी हवाओं के कारण शीत का प्रकोप बना हुआ है।

# अभाविप प्रांत कार्यकारिणी बैठक का हुआ शुभारंभ

### 22 जिलों के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य योजना जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्य भारत प्रांत की प्रांत कार्यकारिणी बैठक का आज बरेली में शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय बैठक 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र में प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी एवं प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे उपस्थित रहे। बैठक में मध्यभारत प्रांत के 22 जिलों से आए दायित्ववान कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं।

बैठक में प्रमुख रूप से वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य, सदस्यता 2026, कार्यक्रमात्मक समीक्षा, मिशन साहसी, सामाजिक अनुभूति 2026, आयाम एवं कार्य विभाग, परिसर चलो अभियान, ग्रीष्मकालीन विस्तारक योजना, प्रांत छात्रा संसद, वैचारिक एवं शिक्षा समूह रचना, जिला संयोजक वर्ग, चरैवेति अभियान-4.0 , स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम अभियान, छात्रावास सर्वेक्षण अभियान, विश्वविद्यालय प्रवास, आंदोलन-छात्र संघ, संगठनात्मक विचार बैठक चर्चा एवं संवाद एवं नगर खेल कुंभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि पिछली कार्यकारिणी बैठक में जो लक्ष्य मध्य भारत प्रांत ने लिए थे वह सब पूर्ण करते हुए हम इस बैठक में उपस्थित हुए हैं। इस बार की बैठक यह पवित्र छींद धाम की नगरी में आयोजित हो रही है जिस प्रकार हनुमान जी के लिए कहा जाता है उनके लिए कोई कार्य कठिन नहीं है उसी प्रकार अभाविप कार्यकर्ताओं के लिए कोई लक्ष्य कठिन नहीं। हम इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए जो आगामी लक्ष्य लेंगे उनको शत प्रतिशत पूर्ण कर दिखाएंगे।

# शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षक श्रीवास्तव को समारोह पूर्वक दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

40 वर्षो तक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न शासकीय स्कूलों एवं पिछले 56 वर्ष से शासकीय बालक हायर सेकेंडरी में शिक्षक के रूप में शिक्षकीय कार्य से सेवानिवृत हुए चंद्रकुमार श्रीवास्तव को विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।




स्कूल प्राचार्य केके वानी की अध्यक्षता, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ अतिथि में हुए विदाई समारोह कार्यक्रम में युवा नेता गिरीश बंटी पालीवाल, बीआरसी आरती राजपूत, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जेपी ठाकुर, डीएस राजपूत, केके श्रीवास्तव, कन्या हा. से. के प्राचार्य यूएस अहिरवार के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं, कवि प्रेम नारायण साहू ने कविता माध्यम से सेवा निवृत्त श्रीवास्तव के सरल सहज मधुर व्यवहार और सहयोग की सराहना करते हुए सेवा निवृत्ति पश्चात समाज सेवा या अपनी रुचि अनुसार कार्यो में सक्रिय रहने की अपेक्षा की। कार्यक्रम के दौरान अवनीश पालीवाल, राजेश हजारी सहित अन्यों की विशिष्ट उपस्थिति रही।

### धूमधाम से विदा किया

स्कूल में सहभोज का सामूहिक कार्यक्रम पश्चात ढोल-बाजों धूमधाम के साथ चंद्रकुमार श्रीवास्तव की नगर के प्रमुख मार्ग से रैली निकालकर घर पहुंचा कर विदाई दी। श्रीवास्तव ने विद्यालय के कर्मचारियों को उपहार भी दिये।

## अतिथियों द्वारा सेवा कार्य की प्रसंशा सहयोग का दिया भरोसा

# 'विश्वास विशेष शिक्षण' संस्थान में किया दिव्यांगो का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

विश्वास विशेष शिक्षण संस्थान में दिव्यांग एवं मानसिक मंद बुद्धि छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से ब्रेन लिपि सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पत्रकार सुरेश बिदुआ, घातक न्यूज के संपादक मुकेश प्रजापति एवं अंकित तिवारी द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के संचालक प्रीति शुभम धाकड द्वारा अतिथियों का पुष्प मालाओं से आत्मीय सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर उपस्थित अतिथियों ने संस्थान के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ,अंकित तिवारी, मुकेश प्रजापति ने कहा कि, विश्वास विशेष शिक्षण संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने का जो कार्य किया जा रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। प्रीति शुभम धाकड़ द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। और ऐसे संस्थान समाज की मजबूत नींव होते हैं।



समारोह के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप नगद ग्यारह सो की राशि प्रदान की गई, वहीं उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत द्वारा पांच हजार रूपये का चेक प्रदान करने की घोषणा की गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के संचालक शुभम धाकड द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान शुभम धाकड द्वारा संस्था के संचालन में आ रही आर्थिक समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त पत्रकारों ने एसडीएम संतोष मुदगल से मुलाकात कर संस्था के नाम शासकीय आवास उपलब्ध कराने की मांग की। एसडीएम संतोष मुदगल ने आगामी समय में आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप श्रीमती उषा जैन आयु 65 वर्ष पत्रि श्री मुन्नालाल जैन निवासी वार्ड 11 पाठशाला कंपाउंड बासौदा म.प्र. से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का आवासीय भूखण्ड क्रं. 106 जो 25 फिट वाय 50 फिट यानि जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट को क्रय करने का अनुबंध कर लिया है एवं व्याना राशि अदा कर दी हैं, यदि उक्त भूखंड के वावत किसी भी व्यक्ति, संस्था, राष्ट्रीकृत बैंक अर्ध्यशासकीय बैंक वित्तीय संस्था को किसी भी प्रकार की स्वामित्व संबधी आपत्ति हो या उक्त भूखंड पर कोई ऋण भार बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा वाद गुजरने मियाद जाहिर सूचना मेरा पक्षकार अनुबंधित प्लाट का रजिस्टर्ड विक्रयपत्र अपने हक में सम्पादित करा लेवेगा इसके पश्चात मेरा पक्षकार उक्त प्लाट से संबधित किसी भी दायित्व एवं परिणामो के लिये उत्तरदायी नहीं होगा और न ही किसी भी किस्म के विवाद के लिये भी उत्तरदायी नहीं होगा अतः सूचित हो

भवदीय पंकज अग्रवाल एडवोकेट
नदवाना.विदिशा
मो: 7999700430

## खबर संक्षेप

### रुपेंद्र सिंह ठाकुर बने सिलवानी प्रभारी बीईओ

**सिलवानी।** उमावि तुलसीपार में प्रभारी प्राचार्य के रुप में पदस्थ



रुपेद्र सिंह ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायसेन के द्वारा जारी आदेश में प्रभारी सिलवानी विकास खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया। ज्ञात हों कि सिलवानी बीईओ के पद पर पदस्थ रानी अहिरवार का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हो गया है। रूपेन्द्र सिंह ठाकुर के प्रभारी बीईओ नियुक्त होने पर शिक्षको, आदि ने बधाई दी।

### जिला स्तरीय उपार्जन समिति का हुआ गठन

**रायसेन।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समस्त प्रक्रिया पंजीयन, पर्यवेक्षण, स्कंध की गुणवत्ता नीति के अंतर्गत आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है। इस समिति में जिला लीड बैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायसेन, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड रायसेन, जिला प्रबंधक मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन रायसेन, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, अधीक्षक भू-अभिलेख तथा सचिव कृषि उपज मंडी रायसेन को सदस्य बनाया है। साथ ही जिला आपूर्ति अधिकारी को समिति में सदस्य सचिव बनाया है।

### नूरपुरा में आयोजित की जा रही भागवत कथा

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम नूरपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ से प्रवचन करते हुए पं. रामकिंकर शर्मा ने कहा कि भक्ति में ही शक्ति है और मानव जीवन का परम लक्ष्य भगवान की शरण में जाना है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ या कहानी नहीं, बल्कि मोक्ष का सशक्त साधन और भगवान के दिव्य चरित्रों का जीवंत दर्शन है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा व सांसद शिवराज सिंह समापन कार्यक्रम की बढ़ाएंगे शोभा

# सांसद खेल महाकुंभ का कल होगा भव्य समापन, 8 विधानसभा के खिलाड़ी होंगे शामिल, तैयारियां पूर्ण

### दुल्हन की तरह सजा खेल स्टेडियम, भाजपा जिलाध्यक्ष ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तकरीबन एक माह से चल रहे विदिशा सांसदीय क्षेत्र में खेल महोत्सव का भव्य समापन रायसेन खेल स्टेडियम में 2 फरवरी को होने जा रहा है। कार्यक्रम की शोभायात्रा बढ़ाने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविंद्र जड़ेजा एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। समापन अवसर पर लगभग 10 हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी।

इस महाकुंभ में विदिशा सांसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा के लगभग 428 खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। फायलन प्रतियोगिता में विजेता टीम को ढाई लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं





उपविजेजा टीम को 2 लाख रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 10 हजार से अधिक दर्शक खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम में पहुंचने की संभावना है। दर्शकों की भीड़ को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन, खेल विभाग और भाजपा संगठन तैयारियों में जुटा हुआ है।

2 फरवरी को दोपहर 3 बजे भोपाल से खिलाड़ी रवींद्र जडेजा का काफिला बायपास रोड होकर गोपालपुर से शहर में प्रवेश करेगा।

#### ऐसी रहेगी बैठक व्यवस्था

स्टेडियम में दर्शकों के लिए 8 अस्थायी स्टैंड बनाए हैं। प्रत्येक स्टैंड में 5 कतारें हैं। एक स्टैंड में लगभग 250 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है, कुल 2000 लोग बैठ सकेंगे। हालांकि खेल विभाग का दावा है कि इनमें 3200 दर्शक बैठ सकते हैं। इसके अलावा दक्षिण दिशा में बने स्थायी स्टैंड में भी करीब 2000 दर्शक बैठ सकते है। स्टेडियम की उत्तर दिशा में एक मुख्य डोम तैयार किया गया है, जिसके दोनों ओर 2 छोटे डोम भी बनाए हैं। मुख्य डोम में मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था रहेगी।

#### 3 गेट से होगी एंट्री, पार्किंग व्यवस्था अलग-अलग

भीड़ प्रबंधन और सुचारु आवागमन के लिए स्टेडियम में तीन दिशाओं से प्रवेश की व्यवस्था की गई है, टीमों के खिलाड़ियों के लिए एक अलग प्रवेश द्वार निर्धारित किया गया है। आम दर्शक दशहरा मैदान की ओर से प्रवेश करेंगे, वहीं उनके वाहनों की पार्किंग रहेगी। इसके अलावा वीआईपी के लिए सामुदायिक भवन की तरफ से व्यवस्था रहेगी। सांसद खेल महोत्सव महाकुंभ के समापन कार्यक्रम को लेकर पूरे संसदीयक्षेत्र में गजब का उत्साह लोगों में देखा जा रहा है।

---

## इंदौर की घटना से शिक्षा विभाग भी हरकत में, स्कूलों में पानी जांच के आदेश

# डीईओ के आदेश... स्कूलों में बच्चों को न पिलाएं गंदा पानी, जांच सैंपल भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों की घटना ने समूचे प्रदेश को झकझोर दिया है। इंदौर में दूषित जल कांड के बाद जिला शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। अब जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने के पानी की गुणवत्ता जांचने के आदेश जारी किए हैं।

जिला शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र के आला अधिकारियों ने साफ कहा है कि स्कूलों में बच्चों को किसी भी हालत में गंदा पानी नहीं पिलाया जाए। पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां के हैंडपंप, टंकी, आरओ और अन्य जलस्त्रोतों के पानी के सैंपल अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में भेजें।

जानकारी के अनुसार जिले के कई स्कूलों ने अब तक पानी जांच के सैंपल नहीं भेजे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सैंपल ही नहीं जाएंगे तो पानी की जांच कैसे होगी और बच्चों की सेहत की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी।

#### आदेश जारी, अमल नदारद...

जिला शिक्षा विभाग ने हाल ही में स्कूलों से पानी के सैंपल जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए थे, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है



कि सैंपल कलेक्शन की स्पष्ट जिम्मेदारी तय नहीं है और लैब तक सैंपल पहुंचाने की व्यवस्था भी नहीं है।

#### सबसे बड़ा जोखिम फ्लोराइड व बैक्टीरिया....

ग्रामीण इलाकों में फ्लोराइड, आयरन और बैक्टीरियल कंटैमिनेशन का खतरा ज्यादा बताया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार बिना जांच पानी पीने से दांत-हड्डियों की समस्या, पेट के रोग और संक्रमण बढ़ सकते हैं, खासतौर पर बच्चों में। इसके साथ ही गंदा पानी पीने से बच्चों में अन्य बीमारी का खतरा भी बना रहता है।

#### स्कूलों के हैंडपंपों की सालों से जांच नहीं, सेहत पर खतरा

सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में बच्चों को पीने के लिए दिया जा रहा पानी कितना सुरक्षित है, इसका जवाब जिम्मेदार विभाग के पास नहीं है। जिले के कई स्कूलों में लगे बोरिंग और हैंडपंपों की सालों से जल-जांच नहीं कराई गई। सूत्रों के मुताबिक अधिकांश स्कूलों में पानी की आपूर्ति सीधे बोरिंग/हैंडपंप से होती है। कहीं-कहीं टंकी की नियमित सफाई भी नहीं हो रही। कई स्कूलों में आखिरी बार पानी की जांच कब हुई-इसका रिकॉर्ड तक उपलब्ध नहीं है।

#### बच्चों की सेहत से नहीं किया जाएगा कोई समझौता

जिला शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र के अफसरों ने भी स्पष्ट किया है कि बच्चों की सेहत से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट में यदि पानी दूषित पाया जाता है तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी और संबंधित जलस्त्रोत को बंद किया जाएगा। वहीं उन्होंन कहा कि जल्द ही सैंपलिंग शुरू कराई जाएगी और जिन स्कूलों में जोखिम है। वहां वैकल्पिक सुरक्षित जल व्यवस्था की जाएगी।

सवाल यह उठ रहा है- जब खतरा सामने है, तो पानी की जांच में आखिर फिर देरी क्यों? बच्चों की सेहत से जुड़ा मामला होने के बावजूद तत्काल कार्रवाई कब होगी ?

#### होगी कार्रवाई...

सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे समय सीमा में पानी के सैंपल भेजकर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आदेश की अनदेखी करने वाले स्कूल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- डीडी रजक,** जिला शिक्षा अधिकारी।

---

## सभी तैयारियां पूर्ण, 7 फरवरी तक बहेगी श्रीमद भागवत कथा की बयार, निकलेगी कलश यात्रा

# आज से विपिन बिहारी महाराज की वाणी का रसास्वादन करेंगे श्रद्धालु

**नगर की अवंतिका कॉलोनी में सात दिन तक दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी कथा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर में 1 फरवरी से 7 फरवरी तक श्रीमद् संगीतमय भागवत कथा का वार्ड 13 अवंतिका कॉलोनी, ताजपुर मोहल्ला रोड पर आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन राष्ट्रीय संत पं. विपिन बिहारी महाराज के श्रीमुख से होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी।

कथा के मुख्य यजमान लखनलाल एवं मुन्नी देवी विश्वकर्मा होंगे। आयोजन की शुरुआत आज रविवार को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा मां भगवती देवी मंदिर, सांची रोड से ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। जिसमें सिर पर कलश धारण कर महिलाएं कन्याएं शामिल होंगी।

#### हवन-पूर्णाहुति के साथ 7 को होगा समापन

7 फरवरी को हवन-पूर्णाहुति संपन्न होगी। इसी दिन नगर भंडारे का आयोजन कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के राकेश शर्मा, इंद्र सिंह, गायत्री ठाकुर, राजेंद्र-अनीता सक्सेना, मनोहर-कमलेश देवी राजपूत, दीनबंधु-पूनम तिवारी, रमेश-कुंती बघेल, दिनेश प्रताप, सिंकू सिंह, मुकेश-प्रीति धाकड़, विकास-वंदना मिश्रा, महाराज सिंह व मिथिलेश दांगी सहित अन्य ने शहरवासियों से कथा का रसपान करने की अपील की है।

---

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# प्रकटोत्सव पर श्याम संकीर्तन व भजन संध्या हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर स्थित माँ विजयासन मंदिर परिसर में शुक्रवार की रात्रि को माँ विजयासन मैया के प्रकटोत्सव के अवसर पर भव्य श्याम संकीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जो देर रात्रि तक भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। पूरा मंदिर परिसर खाटू श्याम के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।

भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक व्यास एवं आकाश अग्रवाल ने अपनी सुमधुर आवाज से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने तीन बाण के धारी- तीनों बाण चलाओ ना, इस पर क्या काम किया हमने तेरा सहित अनेक भावपूर्ण और मनोहारी भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की लय और भाव में डूबे श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

---

# वेल स्वास्थ्य परियोजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम खोहा वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन एवं निवसीड संस्था के सहयोग से एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया।

शिविर में सीएचओ गगन द्वारा हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान वीपी टेस्ट, शुगर टेस्ट एवं एचवी टेस्ट किए तथा हितग्राहियों को निशुल्क दवाइयां एवं उचित स्वास्थ्य सलाह दी।

शिविर में कुल 233 हितग्राहियों ने लाभ लिया। शिविर में रिंकू दुबे, ओमप्रकाश रायकवार, शिवम शर्मा, तथा कार्यकर्ता अंजु पाल एवं मुस्कान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# बिना कोई पूर्व सूचना के 2 दिन के लिए रेलवे फाटक को किया बंद, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद के मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर बन रहे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। एजेंसी द्वारा यहां डाइवर्ट मार्ग नहीं बनाया गया है, और जो दस गांवों का रास्ता था उसे भी बिना कोई पूर्व सूचना के दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

फाटक बंद होने से हज़ारों ग्रामीण के छोटे या बड़े कोई भी वाहन नही निकल पा रहे हैं। यहां से ग्रामीणों को पैदल ही निकलना पड़ रहा है। इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे दिन शुक्रवार को भी फाटक बंद होने से एक भरतीपुर गांव की गर्भवती महिला को परेशान होना पड़ा। उसे पैदल ही रेलवे लाइनों को क्रॉस कर के दूसरी तरफ अस्पताल लेकर जाना पड़ा। कई वाहन भी दोनों और फंस गए। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति रोज देखने को मिलती है, लेकिन निर्माण एजेंसी और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



#### मुड़ियाखेड़ा में रेलवे गेट पर बन रहा ओवरब्रिज

ग्राम मुड़ियाखेड़ा में रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज का काम शुरू हुए काफी समय हो गया है। बता दें कि भोपाल बीना तीसरी रेलवे ट्रैक के बाद ट्रेनों की संख्या के साथ उनके फेरे भी बढ़ गए हैं। कई बार रेलवे क्रासिंग बंद करनी पड़ती है। कभी-कभी तो तीनों ट्रैक पर पर ट्रेन आने के कारण एक से डेढ़ घंटे तक गेट बंद रहता है। इससे लोगों को खासी परेशानी होती है। ओवरब्रिज बनने से दर्जनों गांवो सुविधा होगी।

---

## जगदगुरु राम दिनेशाचार्य महाराज का प्रेरक संदेश

# संपत्ति नहीं संबंध बढ़ाइए, रिश्तों में प्रेम ही जीवन का वास्तविक आधार है, यही 'श्रीराम कथा' का सार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

- सांईखेड़ा में हो रहा विराट 11 कुंडीय यज्ञ और राम कथा का आयोजन

**जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम स्वरुपाचार्य महाराज भी पहुंचे कार्यक्रम में**



अंचल के ग्राम सांईखेड़ा में चल रहे विराट 11 कुंडीय यज्ञ महोत्सव और रात्रिकालीन श्रीरामलीला के अंतर्गत आयोजित राम कथा में श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। राम कथा के दौरान जगत गुरु राम दिनेशाचार्य जी महाराज ने समाज को गहराई से झकझोरने वाला संदेश देते हुए कहा कि संपत्ति ही विपत्ति का कारण बनती है, जबकि रिश्तों में प्रेम ही जीवन का वास्तविक आधार है।

उन्होंने कहा कि आज समाज संपत्ति बढ़ाने की दौड़ में रिश्तों को भूलता जा रहा है, जो अंततः अशांति और विघटन का कारण बनता है। जगत गुरु ने कहा कि स्थिति कैसी भी हो सुख हो या दुख, जीव को सामान्य और स्थिर रहना चाहिए। जो हर परिस्थिति में विचलित नहीं होता, वही परमात्मा राम का स्वरूप है और यही जीवन का आदर्श है। भगवान श्रीराम के जीवन से उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जब अयोध्या का राजपाट मिला, तब भी प्रभु प्रसन्नता से उछले नहीं और जब वनवास मिला, तब भी उन्होंने दुख को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।

#### भारतीय संस्कृति में बहू को बेटी मान लेने की परंपरा है

कथा प्रसंगों का उल्लेख करते हुए जगत गुरु ने अयोध्या कांड और जनक-दशरथ संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राजा जनक और राजा दशरथ जैसे आदर्श चरित्रों का विरोध कोई सिद्ध नहीं कर सकता। राजा दशरथ ने स्वयं कहा था कि उनके पास सब कुछ होते हुए भी सीता जैसी बहू का अभाव था, जिसे राजा जनक ने अपनी पुत्री के रूप में दिया। यह भारतीय संस्कृति की ऊँचाई है, जहां बेटी को विदा करते समय बहू को बेटी मान लेने की परंपरा रही है। घर में सुख-शांति तभी रहती है, पति-पत्नी प्रेम से रहते हैं।

कार्यक्रम में श्री कामदगिरी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम स्वरुपाचार्य महाराज भी शनिवार को पहुचें। यहां पर श्रद्धालुओं व आयोजकों द्वारा उनकी भक्ति पूर्ण आगवानी की गई तथा उनकी अमृतमयी वाणी का रसास्वादन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक देवेंद्र पटेल ने कथा में शामिल होकर यज्ञ नारायण के दर्शन कर यज्ञ आचार्य वेदाचार्य महाराज बीकलपुर से आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

# विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए उज्ज्वल भविष्य व परीक्षा में सफलता के मंत्र

## शासकीय हाई स्कूल चिचोली में कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




विकासखंड के ग्राम चिचोली स्थित शासकीय हाई स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक प्रभावी कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देना तथा उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यशाला का शुभारंभ संस्था प्रभारी प्राचार्य आर. के. भार्गव द्वारा किया गया। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य को पहचान लें, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर करियर काउंसलर के रूप में उपस्थित उच्च माध्यमिक शिक्षक अजय चौरसिया एवं मयंक रघुवंशी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का विस्तार से समाधान किया। उन्होंने विज्ञान, कला, वाणिज्य, तकनीकी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाएं, कौशल आधारित पाठ्यक्रम तथा रोजगार के विभिन्न विकल्पों की जानकारी सरल एवं रोचक ढंग से दी। विद्यार्थियों ने खुलकर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया।